ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहॉपुर।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.02.2021

- नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 26.02.2021 को पीएम स्वानिधि योजना के अन्तर्गत पथ विक्रेताओ के पंजीकरण एवं ऋण वितरण के कार्य समीक्षा की गई, अनुपस्थित कर अधीक्षक एवं 05 कर संग्रहकर्ता का 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।
- पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टाउनहाल मुख्य ,शाखा में लगाया गया कैम्प, नगर आयुक्त महोदय एवं भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं मुख्य प्रबन्धक द्वारा ऋण वितरण किया गया।
- पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने हेतु शनिवार को भी खोले जायेगे बैंक,लगेगा विशेष कैम्प।

1. शासन द्वारा पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत निर्धारित किये गये लक्ष्यो को प्राप्त करने हेतु मार्च के प्रथम सप्ताह में स्वनिधि लोन मेला का विशेष अभियान संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है। पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण की इस प्रकिया के अन्तर्गत पथ विक्रेताओ का चिन्हीकरण व पंजीकरण तथा उन्हे वेन्डिग प्रमाण–पत्र एवं पहचान पत्र जारी करते हुये डाटा को पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त ऋण हेतु आवेदनो पत्रो को ऑनलाइन भरवाना तथा बैंक से समन्वय स्थापित करते हुये ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जानी है। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने हेतु शहर के विभिन्न बाजार, मोहल्ले आदि में पथ विक्रेता का कार्य कर रहे प्रत्येक व्यक्तियो को चिन्हित करने एवं उनका रजिस्ट्रेशन कराने तथा पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण हेतु आवेदन पत्र भरवाने तक के कार्य हेतु नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड एवं मोहल्ले में निम्नानुसार कर संग्रहकर्ता एवं राजस्व निरीक्षको को तैनात किया गया है। समस्त कर संग्रहकर्ताओ अपने क्षेत्र में व्यापक सर्वेक्षण करते हुये पथ विक्रेताओ को चिन्हित करेगें एवं उनका विवरण निर्धारित प्रारूप पर दर्ज करेगे। सर्वेक्षित पथ विक्रेताओ में से जिन पथ विक्रेताओ का पंजीकरण न हुआ हो,उनका पंजीकरण कराने का कार्य करेगें। इसके अतिरिक्त पथ विक्रेताओ पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत दिये जाने वाले ऋण की योजना से अवगत कराते हुये उनका आवेदन पोर्टल पर अपलोड करायेगें। प्रत्येक जोन के राजस्व निरीक्षको द्वारा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट मुख्य कर निर्धारण अधिकारी/कर निर्धारण अधिकारी को उपलब्ध कराई जायेगी। प्रत्येक राजस्व निरीक्षक द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उनके क्षेत्र के सभी पथ विक्रेता पंजीकृत हों तथा उन्हे नियमानुसार विक्रय प्रमाण पत्र एवं पहचान प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया हों तथा सभी को पी0एम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त कराया जाये। प्रत्येक राजस्व निरीक्षक को अभियान के

अन्तर्गत पथ विक्रेताओ को ऋण उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित दिया गया है। आज नगर आयुक्त महोदय द्वारा अब तक किये गये कार्यो की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा में पाया गया कि राजस्व निरीक्षको एवं कर संग्रहकर्ताओ द्वारा अपेक्षित रूचि नही ली जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी को कठोर चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपने–अपने क्षेत्र के समस्त पथ विक्रेताओ का सर्वेक्षण कर समयान्तर्गत ऋण वितरण की कार्यवाही सम्पादित करे। **बैठक में अनुपस्थित कर अधीक्षक श्री रामसवेक राम एवं 05 कर संग्रहकर्ता श्री धर्मेन्द्र कश्यप,श्री विश्नू, श्री अशोक कुमार शुक्ला,श्री अजय कुमार सिंह तथा श्री रनवीर सिंह का एक दिन का वेतन अदेय किया गया है।** बैठक में नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि बैंक सम्बन्धी समस्याओ का निराकरण प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक द्वारा सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धक से समन्वयक स्थापित करते हुये कराया जायेगा। ऋण परियोजना अधिकारी,डूडा द्वारा नियत प्रारूप पर सूचना तैयार कराकर प्रतिदिन की प्रगति से अवगत करायेगे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण का कार्य मा0 भारत सरकार की प्राथमिकता का कार्यक्रम है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। इस कार्य में लगे हुये किसी भी अधिकारी/कर्मचारी द्वारा बिना अवकाश स्वीकृत कराये मुख्यालय से बाहर जाने की अनुमति नही होगी। विशेष कैम्प एवं अभियान की तिथियो पर उपस्थित रहकर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति कराय जाना सुनिश्चित करेगें। बैंक लम्बित ऋण आवेदनो को शीघ्र स्वीकृत कराते हुये आवेदको के खाते में ऋण धनराशि प्रेषित किये जाने हेतु नोडल अधिकारियो को निर्देशित किया गया।पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत विशेष अभियान के रूप से दिनांक 01.03.2021 से दिनांक 06.03.2021 तक पीएम स्वनिधि लोन मेला आयोजित किया जायेगा इसके अतिरिक्त दिनांक 27.02.2021 दिनांक 06.03.2021 तथा दिनांक 13.03.2021 को विशेष कैम्प आयोजित कर ऋण वितरण की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, परियोजना अधिकारी डूडा श्री अतुल कुमार पाठक एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

2.. पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक द्वारा टाउनहाल मुख्य ,शाखा में कैम्प लगाया गया। कैम्प काफी संख्या में पथ विक्रेताओ द्वारा उपस्थित होकर अपने अभिलेखो का सत्यापन कराया गया। कैम्प के माध्यम से आज कुल 14 पथ विक्रेताओ के खाते में ऋण धनराशि अंतारित करायी गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त महोदय एवं भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक एवं मुख्य प्रबन्धक द्वारा ऋण वितरण किया गया। पथ विक्रेताओ को ऋण वितरित किये जाने हेतु शनिवार को सभी बैको की शाखाये खुली रहेगी। नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त पथ विक्रेताओ से अपील की गई कि सभी पथ विक्रेताओ अपने बैंक शाखा में उपस्थित होकर ऋण प्राप्त करे। पथ विक्रेताओ को भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाए यथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,पीएम सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं रूपे कार्ड,बी0ओ0सी0डब्लू0 योजना के अन्तर्गत पंजीकरण,प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना,वन नेशन वन राशन कार्ड योजना,जननी सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वन्दना से लाभान्वित भी किया जायेगा।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।